डॉ0 अमित मेधावी
संयुक्त परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2024/1439

दिनांकः 12 दिसम्बर, 2024

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ,उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः शैक्षिक सत्र 2024-25 के विषम सेमेस्टर परीक्षाओं हेतु संस्थानों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं का परीक्षा फार्म भरे जाने तथा परीक्षा शुल्क जमा किये जाने हेतु तिथि विस्तारित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2024/1334 दिनांक 28 अक्टुबर, 2024, ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2024/1378 दिनांक 21 नवम्बर, 2024, ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2024/1382 दिनांक 22 नवम्बर, 2024 तथा ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/ 2024/1416 दिनांक 05 दिसम्बर, 2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2024-25 के विषम सेमेस्टर परीक्षा हेतु संस्थानों में अध्ययनरत रेगुलर एवं कैरी ओवर छात्र/छात्राओं का परीक्षा फार्म एवं परीक्षा शुल्क ई0आर0पी0 पोर्टल के माध्यम से तथा बी0फार्म पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष, तृतीय सेमेस्टर के अध्ययनरत छात्रों हेतु समर्थ के माध्यम से दिनांक 15 दिसम्बर, 2024 तक भरे जाने की सूचना दी गई थी।

उपरोक्त के संबंध में संस्थानों द्वारा किये गये अनुरोध पर विश्वविद्यालय के सक्षम स्तर द्वारा स्वीकार करते हुए उपरोक्त तिथि को विस्तारित करते हुए **दिनांक 20 दिसम्बर, 2024 तक विषम सेमेस्टर परीक्षा के निम्नोक्त तालिका के उल्लिखित पाठ्यक्रमो/सेमेस्टर हेतु ई0आर0पी0 पोर्टल के माध्यम से परीक्षा फार्म भरे एवं परीक्षा शुल्क जमा किये जाने हेतु खोल दिया गया है।**

क्र0सं0	पाठ्यक्रम	सेमेस्टर
1	B.Tech	5th & 7th
2	B.Pharm	5th, 6th 7th & 8th
3	B.Arch, MBA (INT), MCA-DD, MCA (INT.), M.Tech (INT) & MAM	3rd, 5th ,7th & 9th
4	BHMCT, BFA & BFAD,	3rd, 5th ,7th
5	B.VOC.	3rd & 5th
6	MBA (All), MCA, M.Arch, M.Tech & M.Pharm & MURP	3rd

उपरोक्त के अतिरिक्त बी0फार्म पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष, तृतीय सेमेस्टर के अध्ययनरत रेगुलर छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म भरे जाने एवं परीक्षा शुल्क जमा किये हेतु निर्धारित अन्तिम तिथि को विस्तारित करते हुए दिनांक 20 दिसम्बर, 2024 तक समर्थ पोर्टल खोल दिया गया है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त के तद्नुसार अवगत होते हुए सत्र 2024-25 के विषम सेमेस्टर के रेगुलर एवं कैरी ओवर अध्ययनरत छात्र/छात्राओं का परीक्षा फार्म एवं निर्धारित अन्तिम तिथि 20 दिसम्बर, 2024 तक परीक्षा शुल्क जमा कराये जाने के सम्बन्ध में सूचित करते हुए समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें। उक्त तिथि के उपरान्त किसी भी आवेदन पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा।

भवदीय

12.12.24

(डॉ0 अमित मेधावी)
संयुक्त परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति/कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अधिष्ठाता स्नातक/परास्नातक,/संयुक्त/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आश्य से प्रेषित की उपरोक्त के अनुसार निर्धारित समय तक आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(डॉ0 अमित मेधावी)
संयुक्त परीक्षा नियंत्रक